>

Title: Problems being faced by the contract employees of B.E.C.I.L.

कुमारी सरोज पाण्डेय (दुर्ग): सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए आपको मैं धन्यवाद देती हूं। सूचना और प्रसारण मंत्रालय की एक मिनी रत्न कम्पनी बी.ई.सी.आई.एल. (ब्रोड कॉस्ट इंजीनियरिंग कंसलटेंट्स इंडिया लिमिटेड) है। इसमें अनुबंधित कर्मचारी हैं, इन अनुबंधित कर्मचारियों की जो मांग है, मुझे लगता है कि यह मांग मानवीय आधार पर पूरी की जानी चाहिए। इन अनुबंधित कर्मचारियों में कॉपी रायटर और कार्यकारी निर्माता आदि पांच-छ: सालों से वहां कार्य कर रहे हैं, लेकिन आज तक इन्हें नियमित नहीं किया गया है और नियमित नहीं किए जाने के साथ-साथ इन्हें वेतन भी काफी कम मिलता है।

इनकी वार्षिक वेतन वृद्धि भी सन् 2009 से लम्बित है। इसके अलावा प्रसार भारती ने यह निर्णय लिया है कि अनुबन्धित कर्मचारियों को सरकारी कर्मचारियों के बराबर वेतन मिलेगा, लेकिन आज तक इन अनुबन्धित कर्मचारियों को यह वेतन नहीं मिल रहा है। नियमित कर्मचारी न होने के कारण इनके पास कोई सुविधा नहीं है, जैसे चिकित्सा की या प्रोविडेंट फंड की सुविधा है।

माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से यह अनुरोध करना चाहती हूं कि सूचना और प्रसारण मंत्रालय इसे तुरन्त संज्ञान में ले और इसके साथ ही जो ये अनुबंधित कर्मचारी हैं, भविष्य में प्रसार भारती में जो भर्तियां होनी हैं, चूंकि 4 से 6 वर्ष तक इन्होंने लगातार वहां पर सेवा की है, इसलिए इनके अनुभव को, इनकी सेवाओं को देखते हुए इन्हें प्राथमिकता के तौर पर भर्ती में प्राथमिकता दी जाये। इसके साथ ही इन अनुबंधित कर्मचारियों की तमाम मानवीय मांगों को पूरा किया जाये।

आपने मुझे बोलने का मौका दिया-धन्यवाद।

सभापति महोदय : श्री राजेन्द्र अग्रवाल, श्री शिवकुमार उदासी और श्री देवराज सिंह पटेल को कुमारी सरोज पाण्डेय के साथ सम्बद्ध करने की अनुमति दी जाती है।

श्री के.डी. देशमुख।